सुविचार
आखिर में सब ठीक होगा। अगर सब ठीक नहीं है, तो समझ लें कि यह अंत नहीं है।

दैनिक भास्कर
आप पढ़ रहे हैं देश का सबसे विश्वसनीय और नंबर 1 अखबार

तापमान (डिग्री सेल्सियस) आज का अनुमान

	अधिकतम	न्यूनतम	न्यूनतम
दिल्ली	26.7	10.3	11.0
मुंबई	37.2	21.0	23.0
जयपुर	28.7	18.7	19.0

कुल पेज 16 राजस्थान मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 151, महानगर

dainikbhaskar.com झुंझुनूं, गुरुवार, 27 फरवरी, 2025 फाल्गुन, कृष्ण पक्ष-14, 2081 12 राज्य | 61 संस्करण

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, गुरुवार, 27 फरवरी, 2025 झुंझुनूं-चिड़ावा-पिलानी गुढ़ागौड़जी-बुहाना-सूरजगढ़ dainikbhaskar.com

सीरी पिलानी में हुई उद्यमिता जागरूकता पर कार्यशाला

भास्कर न्यूज़ | पिलानी

उद्यमशीलता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और प्रतिभागियों को प्रेरित करने के लिए सीरी पिलानी में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें छात्र, छात्राओं, परियोजना सहायकों, शोधकर्ताओं, कर्मचारियों के अतिरिक्त विशेष रूप से पीरामल फाउंडेशन बगड़ के दिव्यांग एवं सामान्य प्रतिभागियों ने भी शिरकत की।

कार्यशाला में बिट्स पिलानी में प्रबंधन विभाग की प्रोफेसर ज्योति टिकोरिया ने सरकार व शैक्षणिक संस्थानों द्वारा स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए उपलब्ध वित्तीय सहायता एवं इनक्यूबेशन सेंटरों की जानकारी साझा की। सायंकालीन सत्र में बिट्स में अर्थशास्त्र एवं वित्त विभाग के वरिष्ठ प्रोफेसर आर्य कुमार ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्वरोजगार और वित्तीय रणनीतियों पर व्याख्यान दिया। प्रतिभागियों को स्वरोजगार के लिए प्रेरित किया। सीरी पिलानी के वैज्ञानिक डॉ. बीए बोत्रे ने दिव्यांगजनों के लिए विकसित ई-ट्राईसाइकिल एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने के उपायों पर प्रकाश डाला। कार्यशाला का समापन सीरी के पूर्व निदेशक प्रोफेसर चंद्रशेखर द्वारा धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।